Scheme to write off loans on poor farmers

@1150-C. SHRI SHANKER SINH VAGHELA: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) the estimated amount of loans to farmers given by the financial institutions during the last three years State-wise;

(b) the estimated average amount of interest on these loans which became due on the farmers in a year State-wise; and

(c) whether any proposal is under Government's consideration to write-off the loans given to the poor farmers?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF ECONOMIC AFFAIRS IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI EDUARDO FALEIRO): (a) and (b) The present data reporting system does not generate the information in the manner asked for. However the State-wise amount of agricultural advances of all scheduled commercial banks outstanding as at the end of December, 1985, December, 1986 and June, 1987 are given in the *Annexure. {See* Appendix CL, Annexure No. 56)

(c) There is not such proposal under consideration. The consistent stand of RBI and Central Government in this regard has been that generalised write off of farm loans, irrespectixe of the merits of each case, harm the agricultural credit system.

@@@Previously Unstarred Question 1197, transferred from the 5th May, 1989.

नागरिक प्रशासन की सहायता के लिए सेना बुलाना

@1150-घ. **श्री राम जेठमलानी :**

सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान देश में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए नागरिक प्रशासन की सहायता के लिए और प्राकृतिक विपदाओं से निपटने के लिए कितने अवसरों पर और कब सेना बुलायी गयी ;

(ख) क्या यह सच है कि ऐसी कार्यवाइयों के दौरान सेना के कुछ जवान तथा अधिकारी मारे गए अथवा घायल हुए ;

(ग) यदि हां, तो पिछले दो वर्षों में, प्रत्येक में उनकी संख्या क्या है ;

(घ) क्या सरकार ने मारे गए अथवा घायल हुए जवानों और अधिकारियों के मामलों में क्षतिपूर्ति के रूप में कुछ विशेष वित्तीय सहायता दी है ; और

(ङ) यदि हां, तो इसके ब्यौरे क्या हैं, और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम्) : (क) :—

वर्ष	कानून और व्यवस्था बनाए रखना	प्राकृतिक विपदाएं
1986	24	13
1987	39	51
1988	16	74

@पूर्वत: अतारांकित प्रश्न 1795, 9 मई, 1989 से स्थानान्तरित।